# बिहार विधायिका सभा का वादवृत्त

---

## बुधवार तिथि ३० मार्च १९४९

---

भारत शासन विधान, १९३५, के प्राविधान के अनुसार एकत्र विधायिका सभा का कार्य-विवरण ।

सभा की बैठक पटने के सभा-वेश्म में बुधवार तिथि ३० मार्च १९४९ को ११-३० बजे पूर्वाह्न में माननीय प्रमुख, श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्मा, के सभापतित्व में हुई ।

### अल्प सूचना प्रश्नोत्तर

माननीय प्रमुख : किसी अल्प सूचना प्रश्न का उत्तर तैयार है ?

माननीय श्री कृष्ण वल्लभ सहाय : संख्या ३७ का तैयार है ।

श्री वीरचन्द्र पटेल : संख्या ३६ भी तैयार है ।

माननीय प्रमुख : चूँकि प्रश्नकर्त्ता अनुपस्थित हैं, इसलिये कोई भी अल्प सूचना प्रश्न आज नहीं पूछा जायगा ।

## प्रश्नोत्तर

### धनबाद में तीन मवेशी डाक्टर ।

*२३० । श्री पुरुषोत्तम चौहान : क्या माननीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह सच है कि धनबाद सबडिवीजन में तीन मवेशी डाक्टर हैं;

(ख) यदि खंड (क) का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या संख्या बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है ?

---

* सदस्य की अनुपस्थिति में श्री श्रीशचन्द्र बनर्जी के निवेदन करने पर उत्तर दिया गया ।

## अल्प-सूचना प्रश्नोत्तर के सम्बन्ध में बहस।

श्री श्रीसचन्द्र बैनर्जी : हमको एक अनुरोध करना है। हमलोग अल्प सूचना प्रश्न बराबर देते हैं मगर गवर्नमेंट का जवाब तैयार नहीं होता है। आज आपकी इजाजत से हम वह प्रश्न······

माननीय प्रमुख : आज अल्प सूचना प्रश्न इसलिए स्थगित कर दिया गया कि जिस सभासद ने इसकी सूचना दी थी, वे उपस्थित नहीं थे।

श्री श्रीसचन्द्र बैनर्जी : उन्होंने मुझको पूछने का अधिकार दिया है।

माननीय प्रमुख : कल इस बात पर विचार किया जायगा।

माननीय डा० अनुग्रह नारायण सिंह : कल Short notice questions का उत्तर दिया जायगा।

---

# आर्थिक-कार्य

## महामहिम शासन द्वारा प्रमाणीकृत १६४८-४६ के व्यय की द्वितीय पूरक अनुसूची-उपस्थापन।

माननीय डा० अनुग्रह नारायण सिंह : Government of India Act की धारा ८० की उपधारा (१) तथा धारा ८१ के द्वारा दिये गये अधिकार के अनुसार महामान्य गवर्नर महोदय ने जो १६४८-४६ के खर्च का दूसरा सप्लिमेंटरी शिड्यूल प्रमाणांकित किया था उसे मैं उक्त ऐक्ट की धारा ८१ तथा धारा ८० की उपधारा (२) के अनुसार आपके सामने उपस्थित करता हूँ। इस संबंध में मैं इतना कह देना उचित समझता हूँ कि यह शिड्यूल माननीय मेम्बरों की केवल सूचना मात्र के लिये है और इसपर कोई बहस नहीं होगी।

## अनुपूरक आय-व्ययक सामान्य प्रशासन

माननीय डा० अनुग्रह नारायण सिंह : प्रमुख महोदय, आपकी आज्ञा से मैं प्रस्ताव करता हूँ :

३१ मार्च, १६४६, को समाप्त होने वाले वर्ष में व्यय के पूरक विवरण के पृष्ठ १८-४० पर की योजना सूची में दिखलाये गए सामान्य प्रशासन के निमित्त